BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ......Rohtak Bhaskar......

Date 20/02/2025........ Page ......02...... Column ......02......

Subject ......जल परीक्षण से जलस्त्रोतों की स्वच्छता मे सुधार होता है।......

जल परीक्षण से जलस्रोतों की स्वच्छता में सुधार होता है

रोहतक| बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से मृदा एवं जल परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। वैज्ञानिक डॉ. सुकृति ने मृदा और जल की गुणवत्ता जांचने की विधियों, नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया और प्रयोगशाला परीक्षण के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण से भूमि की उर्वरता का आंकलन कर खाद और उर्वरकों का सही उपयोग किया जा सकता है, जिससे फसल उत्पादन और पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़ेगा। जल परीक्षण से जलस्रोतों की स्वच्छता का पता चलता है, जो कृषि और मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर कृषि विभाग के अध्यक्ष डॉ.आरएस मलिक,डॉ. मीनाक्षी सिवाच,डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. कृपाराम,हिमांशु मौजूद रहे।